(5)

विधानसभा अतारांकित प्रश्न कमांक 980

प्रपत्र–अ

स.क.	नदी का नाम	प्रस्ताव का नाम	वर्तमान स्थिति
1	कालीसिंध नदी	सारंगपुर में धूना वाले स्थान पर बैराज निर्माण ।	सारंगपुर में धूना वाले स्थान पर आसनपुर उ.सि.यो. का बैंक वाटर के लगभग 6–7 किलोमीटर तक भरा रहता है। इस कारण वहा बैराज निर्माण हेतु उपयुक्त स्थल उपलब्ध नही है।
2	कालीसिंध नदी	ग्राम कूपा के पास बैराज निर्माण ।	कूपा स्टाप डेम की साध्यता आदेश 8.2.2017 को निर्गत !
3	कालीसिंध नदी	सारंगपुर में कपिलेश्वर मंदिर से 1 कि.मी. नीचे की ओर बैराज निर्माण ।	सारंगपुर के कपिलेश्वर मंदिर के नीचे 1 कि.मी. नीचे पुराना बैराज बना हुआ है। जिसकी मरम्मत ग्राम पंचायत बोकडी द्वारा पूर्ण कर ली गई है। उसके 1 कि.मी. और नीचे जीवाजीपुरा बैराज बना हुआ है। इस कारण वहा बैराज बनाना उपयुक्त नही है।
4	नेवज नदी	पचोर में बैराज निर्माण ।	स्थल निरीक्षण के दौरान पाया गया कि पचोर के पास नेवज नदी पर रेल्वे ब्रिज के डाउन स्ट्रीम में एक बैराज पूर्व से निर्मित है। जिसमें प्रतिवर्ष पानी संग्रहित होता है। पचोर के पास ग्राम बालीपुरा के पास उतावली नदी नेवज में आकर मिलती है। उसके अपस्ट्रीम में लगभग 150 मी. उपर एक अन्य बैराज निर्माणाधीन है। इस प्रकार दोनो बैराज से पचोर के आसपास दोनो तरफ पानी संग्रहित किया जा सकेगा। ऐसी परिस्थिति में एक और बैराज बनाने हेतु कोई नई साइट उपलब्ध नही है।

(5)

5	नेवज नदी	ग्राम लखेसरा के पास बैराज निर्माण ।	ग्राम लखेसरा के पास नेवज नदी पर पूर्व से चौमा बैराज के नाम से एक बैराज निर्मित है। इस बैराज से ग्राम लखेसरा , गींदोली तथा चौमा की भूमि पूर्व से सिंचित की जा रही है। इस बैराज के अपस्ट्रीम में ग्राम पाड़ली बैराज निर्मित है तथा डाउनस्ट्रीम में ग्राम लक्ष्मणपुरा बैराज निर्मित है। इन तीनों बैराज से पानी संग्रहित कर कृषकों द्वारा सिंचाई की जा रही है। तीनों बैराज से संग्रहित पानी आपस में मिलने के कारण एक अन्य बैराज का निर्माण करने के लिए उपयुक्त एवं उपयोगी स्थान उपलब्ध नही है।
6	नेवज नदी	ग्राम कोडियाखेडी के पास बैराज निर्माण ।	ग्राम कोडियाखेड़ी के पास जनपद पंचायत सारंगपुर द्वारा एक बैराज पूर्व से निर्मित है, जो अच्छी हालत में है तथा इससे संग्रहित पानी से ग्राम कोड़ियाखेडी, बांस्तार्खुरम तथा कूड़लासा की भूमि सिंचित की जा रही है। इस बैराज के डाउन स्ट्रीम में जल संसाधन विभाग द्वारा निर्मित पाड़ली बैराज है तथा अपस्ट्रीम में निंद्राखेडी बैराज है। इन तीनों बैराज से आसपास की लगभग सभी भूमि सिंचित की जा रही है । उसके अतिरिक्त एक और बैराज निर्माण के लिए कोई उपयुक्त एवं उपयोगी स्थल उपलब्ध नही है ।
7	काई नदी	ग्राम डेंडी में स्टाप डेम ।	काई नदी पर ग्राम डेंडी के पास स्टाप डेम निर्माण के लिए कोई उपयुक्त एवं उपयोगी स्थल उपलब्ध नही है ।

(के.जी.सिंह)
अधीक्षण यंत्री
जल संसाधन मण्डल गुना